卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 123 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦10 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटाया

## वनभूलपुरा क्षेत्र रहेगा बन्द, हिंसात्मक घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश, राज्यपाल से मिला विपक्ष

देहरादून/हल्द्वानी(उदसंवाददाता)। हल्द्वानी प्रकरण में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मजिस्ट्रेट जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। शुक्रवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी के साथ डीजीपी अभिनव कुमार ने बनभूलपुरा थाने का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस सुनियोजित तरीके से थाना फूंका गया। वाहन फूंके गए। पुलिस पर पथराव किया गया, उससे साफ है कि इसके पीछे बड़ी साजिश रची गई है। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को थाना बनभूलपुरा, हल्द्वानी और निकटवर्ती






इलाकों में हुई हिंसात्मक घटना की मजिस्ट्रियल जांच के लिए जांच अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश पर मंडलायुक्त दीपक रावत मजिस्ट्रीयल जांच करेंगे। कुमाऊं आयुक्त को 15 दिनों के भीतर घटना की निष्पक्ष जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में कर्फ्यू जारी है। हालांकि बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। बनभूलपुरा में ही धार्मिक (शेष पेज सात पर)

# रिवाल्वर तानकर शिक्षिका को किया अगवा

## तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश जारी

काशीपुर। दंपति के बीच आपसी विवाद गहराने के बाद शराब के नशे में चूर सिरफिरे पति ने अपने दो साथियों के साथ हमसाज होकर पत्नी को रिवाल्वर की नोक पर रास्ते से अगवा कर लिया। पूरे दिन उसके साथ बुरी तरह मार पिटाई करते हुए यहां वहां घूमाते रहे। देर रात विवाहिता को यूपी के एक गांव में छोड़ दिया गया और मौके से फरार हो गए। परिजनों को मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर घटना का संज्ञान लेते हुए मामले की



तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर प्रकाश सिटी काशीपुर निवासी महिला ने बताया कि वर्ष 2008 की 2 जुलाई को ग्राम कनकपुर थाना आईटीआई निवासी दलजीत सिंह पुत्र बलविंदर सिंह के साथ उसकी शादी धूमधाम से हुई। शादी की कुछ समय ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद आरोप है कि दंपति के बीच किसी बात को लेकर वैचारिक मतभेद उत्पन्न हो गया। क्लेश अधिक बढ़ने पर बीते 9 अप्रैल को वह मायके आकर अपनी मां के साथ प्रकाश सिटी वाले मकान में रहने लगी। इस दौरान उसने रामनगर रोड स्थित(शेष पेज सात पर)

# धांधली के मकड़जाल में फंस सकते हैं यूपीसीएल के कई भ्रष्ट अधिकारी

## उद्योगों से भारी तादाद में हो रही है विद्युत चोरी, गैंग सक्रिय

काशीपुर(उद संवादाता)। राजस्व निर्धारण में लापरवाही एवं बिजली चोरी को बढ़ावा देने के गंभीर मामले में यूपीसीएल के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों पर कानून की तलवार लटक रही है। विजिलेंस के अधिकारियों से जहां एक ओर इस मामले में जांच की मांग मुखर है तो वहीं दूसरी ओर विभाग के एमडी को लिखित शिकायती पत्र देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। यूपीसीएल के एक एसडीओ पर क्षेत्रवासियों ने लाखों की विद्युत चोरी कराने समेत तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए मोर्चा खोलने का मन बनाया है। एसडीओ ग्रामीण के रूप में कार्यरत अधिकारी के बारे में आरोप है कि दायित्वों के नाम पर उक्त अधिकारी द्वारा छोटे-बड़े उद्योगों कल कारखानों में जमकर विद्युत चोरी कराई जा रही है। लोगों की माने तो विद्युत विभाग का यह अधिकारी बिजली चोरी करने का तरीका भी खुद ही बताता है। महीने में यदि 15 लाख रूपयों की बिजली चोरी होती है तो 7:30 लाख रूपयों की देनदारी फैक्ट्री प्रबंधन को करना होता है। इस तरह देखा जाए तो अकेले काशीपुर से सरकार के राजस्व को प्रतिमाह 30 से 50 लाख रूपयों का चूना लग रहा है। एसडीओ की कारगुजारियों पर नकेल कसने को लेकर एक व्यक्ति ने उच्च न्यायालय में शिकायत करते हुए बाकायदा विजिलेंस से इसकी जांच कराने की मांग की है। बताया गया कि तबादले के वक्त जसपुर से पांच अधिकारियों की पूरी गैंग काशीपुर आई जो आपस में सांठगांठ कर सरकार के नियम (शेष पेज सात पर)

# टेम्पो सवार महिला के बैग से लाखों के जेवर उड़ाये

## एक संदिग्ध पकड़कर पुलिस को सौंपा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज दोपहर डीडी चौक पर दिनेशपुर मोड़ जाने के लिए टेम्पो में सवार हुई महिला के बैग से कुछ लोगों ने लाखों कीमत के जेवर चोरी कर लिए। इसका पता लगते ही महिला ने मौके पर फोन कर भाईयों को बुलवा लिया । जिन्होंने एक संदिग्य युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार कालीनगर दिनेशपुर निवासी सपना मंडल अपने पति मोहन मंडल के साथ कोलकाता से किच्छा आई थी। जहां से वह टेम्पो से डीडी चौक पहुची और दिनेशपुर मोड़ जाने के लिए एक टेम्पो में बैठ गई। इसी दौरान उसने अपने बैग से कुछ रूपये निकाले लेकिन बैग की चैन बंद करना भूल गई। मौंके का फायदा उठाकर टेम्पो में सवार अज्ञात लोगों ने उसके बैग से लाखों कीमत के जेवर चोरी कर लिए। जब सपना दिनेशपुर मोड़ पहुंची तो उसे जेवर चोरी होने का पता लगा। वह तुरंत वापस डीडी चौक आई और फोन कर अपने भाईयों को बुलवा लिया। डीडी चौक पर महिला ने टेम्पो में पास बैठे एक युवक को पहचान लिया और भाईयों की मदद से उसे पकड़ लिया। युवक को पुलिस के हवाले कर मामले की तहरीर पुलिस को सौंप दी। पुलिस पकड़े गये युवक से सख्ती से पूछताछ कर रही है।

# एक करोड़ की स्मैक सहित दो तस्कर दबोचे

## एसटीएफ ने एक किलो अवैध स्मैक की बरामद,चाट बेचने का काम करता था सगीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। स्पेशल टास्क फोर्स टीम ने नशे के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए दो अंतर्राज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे 1 किग्रा 06 ग्राम स्मैक बरामद की। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1 करोड़ रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार तस्कर पिछले कई वर्षो से स्मैक की तस्करी में थे। संलिप्त उ0प्र0 से उत्तराखण्ड के सीमावर्ती इलाकों में कर रहे थे सप्लाई। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि राज्य में बढ़ते नशे की प्रवृति की रोकथाम हेतु



मुख्यमंत्री के उत्तराखंड में ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत एवं पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार के दिशा निर्देशन पर उसके द्वारा ड्रग्स डीलरों के विरुद्ध कार्यवाही के आदेश के क्रम में सीओ एसटीएफ कुमाऊँ सुमित पांडे के नेतृत्व में टीम द्वारा थाना खटीमा पुलिस को साथ लेकर कार्यवाही करते हुए थाना खटीमा क्षेत्राअंतर्गत दो अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब एक किग्रा 6 ग्राम अवैध स्मैक की बरामदगी की गयी। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता सगीर अहमद पुत्र कल्लू खां, निवासी ग्राम महोलिया थाना अलीगंज जनपद बरेली व बाबू पुत्र मुनव्वर, निवासी ग्राम महोलिया थाना अलीगंज जनपद बरेली बताया। जो पिछले कई सालों से उत्तराखंड (शेष पेज सात पर)



रस्म पगड़ी/भोग

बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पति **श्री राजेन्द्र कुमार खुराना** का आकस्मिक निधन दिनांक 2 फरवरी 2024 को हो गया है, जिनकी **रस्म पगड़ी/ भोग दिनांक 12 फरवरी 2024** दिन सोमवार को 12 से 2 बजे तक संजोग गार्डन,खटीमा रोड,सितारगंज में होगी।

शोकाकुल परिवार

संतोष रानी पत्नी स्व. गुलशन खुराना
श्रीमति आशा खुराना (पत्नी)
किशन खुराना-बाला (भाई-भाभी)
दर्पण खुराना-शिखा (पुत्र-पुत्रवधू)
सुरेश खुराना-शमा (भाई-भाभी)
प्रियंका-आकाश ग्रोवर ( पुत्री-दामाद)
नरेश खुराना-मोना (भाई-भाभी)
दीक्षा-वरुण बरारी ( पुत्री-दामाद)
एवं समस्त खुराना परिवार

# रूद्रपुर के युवक की किच्छा में रेल से कटकर हुई मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यहां रेशमबाड़ी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में किच्छा में रेल से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम



मच गया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला रेशमबाड़ी निवासी 19 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र सुमेरी लाल मजदूरी का काम करता था। परिजनों ने बताया कि उस पर ऊपरी हवा का प्रभाव था। गत रात्रि 8 बजे तक वह घर में ही मौजूद था। पुलिस द्वारा जानकारी मिली कि हरियाणा फार्म के पास रेल से कटकर मौत हो गई है। वह किच्छा कैसे पहुच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाईयों में तीसरे नम्बर का था। उसके भाई व पिता मजदूरी करते हैं।



भोग एवं अन्तिम अरदास

जेहा चीरी लिखिया, तेहा हुकम कमाहि घले आवहि नानका सदे उठी जाए

अत्यंत दु:खी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी माता जी **सरदारनी अमरजीत कौर ( पत्नी स्व. सरदार इन्द्रजीत सिंह )** का स्वर्गवास दिनांक 6 फरवरी 2024 को हो गया है। जिनकी आत्मिक शांति हेतु **अन्तिम अरदास दिनांक 11 फरवरी 2024 दिन रविवार** को प्रात: 11 बजे से 1 बजे तक **गुरुद्वारा दशमेशनगर, आवास विकास, रुद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

स्वर्गीय सरदार सुरिन्दर सिंह-वरिंदर कौर (पुत्र-पुत्रवधु),स्वर्गीय सरदार शरनजीत सिंह-गुरविंदर कौर (पुत्र-पुत्रवधु),स. नरेन्द्र सिंह-जसबीर कौर (पुत्र-पुत्रवधु) स. बलजीत सिंह-सुरेन्द्र कौर (पुत्र-पुत्रवधु),हरमनप्रीत सिंह, अमृतपाल सिंह (पौत्र) ,हरप्रीत कौर-स. अमनदीप सिंह (पौत्री-दामाद),स. अजीत सिंह-सतविंदर कौर (पुत्र-पुत्रवधु),हरकमल कौर-स. राजेन्दर सिंह (पौत्री-दामाद),अवनीत कौर-स. जसमीत सिंह (पौत्री-दामाद),जिगरप्रीत कौर-स. रमनजीत सिंह (पौत्री-दामाद),अवजोत कौर - स. रवनीत सिंह (पौत्री-दामाद),गुरलीन कौर, प्रभलीन कौर, हरशीन कौर (पौत्री),प्रभजोत कौर-स. दिलबाग सिंह (पौत्री-दामाद),समस्त असीजा परिवार एवं कामरा परिवार

Qe &yf/k;kuk Quhpj & 9837264680
,-,l-,tUlht & 9837119831]ver tujy LVkj & 9045986904

# एडोलसेंस कार्यक्रम में बालिकाओं को शिक्षित करने का किया आह्वान

गदरपुर(उद संवाददाता)। राउमावि जगदीशपुर गदरपुर में अध्यनरत बालिकाओं हेतु दो दिवसीय एडोलसेंस कार्यक्रम के समापन पर उपहार प्रदान किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भास्करानंद पांडे खंड शिक्षाधिकारी गदरपुर द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों से आत्मविश्वास और सही समझ से अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने की ओर प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ, विकास सचान चिकित्साधिकारी गदरपुर ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली जीने के लिए बहुत ही उपयोगी बातें बताई।श्री के एन जोशी फार्मासिस्ट द्वारा छात्राओं को जीवन कौशल विकास एवं परीक्षाओं का मानसिक दबाव और पीयर प्रेशर तथा इससे बचने के उपाय






बताएं डॉ, कल्पना पांडे महिला चिकित्साधिकारी गदरपुर द्वारा छात्राओं को विस्तार से किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों, किशोर स्वास्थ्य के मुद्दे, यौन शिक्षा और जनन स्वास्थ्य आदि विषयों पर प्रकाश डाला और रोगों से बचने के उपाय बताए।श्रीमती अंजलि रौतेला कम्युनिटी हेल्थ सेंटर कालीनगर द्वारा छात्राओं को लिंग संवेदनशीलता का विकास एवं निर्णय लेने की क्षमता पर बहुत ही उपयोगी बातें बताकर मार्ग दर्शन किया गया।कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती शोभा रानी द्वारा छात्राओं को प्रभाव हिंसा की प्रवृत्ति एवं हिंसा के खिलाफ आवश्यक कदम उठाने की ओर प्रेरित किया।राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा छात्राओं के साथ उक्त विषयों पर रोल प्ले क्विज एवं ग्रुप एक्टिविटी भी करवाई गई,जिससे समस्त छात्राएं विषय को बहुत ही आसानी से समझ पाई।कार्यक्रम का संचालन श्री राजकुमार जोशी स0अ0 तथा कार्यक्रम की संपूर्ण और व्यवस्था श्री धर्मवीर सिंह एवं राजेंद्र सिंह स0अ0 द्वारा की गई समस्त छात्राओं को जलपान एवं किशोरावस्था में उपयोगी सामग्री भी वितरित की गई।इस कार्यक्रम में पत्रकार एवं योग शिक्षक स,देवेंद्र सिंघ द्वारा उपस्थित होकर छात्र/छात्राओं के जीवन कौशल एवं स्वस्थ जीवन जीने के संबंध में कई उपयोगी अनुभव सांझे किये। उन्होंने आयुर्वेदिक दवाओं के सेवन, पर्यावरण के लिये पौध ारोपण,जड़ी बूटियों के संरक्षण एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति अपनाए जाने पर भी जोर दिया।कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री एसके त्रिपाठी द्वारा समस्त विशेषज्ञों एवं गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हुए सभी को उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं छात्राओं को इस कार्यक्रम से मिली शिक्षा को जीवन में अपनाए जाने के लिए प्रेरित करने के साथ शुभकामनाएं प्रदान की।कार्यक्रम में श्री विजय शंकर, जयप्रकाश श्रीमती मंजू जोशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# श्री राम कथा में बनवास का मार्मिक वर्णन सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मन्दिर बुधबाजार में श्री राम कथा महोत्सव का शुभारंभ गणेश पूजन, नवग्रह पूजा, ब्यास पूजा आदि के साथ किया गया है। दोपहर व्यास पूजा और रामचरित पूजा के बाद वृंदावन से पध ारी कथा वाचिका आचार्या नीरजा शरणार्थी जी द्वारा श्री राम कथा रूपी गंगा में श्रीराम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न के विवाह का सुंदर वर्णन किया गया, उपस्थित श्रद्धालुओं को मिष्ठान वितरण करते हुए मंगल गायन गाए गए, तदोपरांत श्रीराम वनवास का मार्मिक कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने मंत्र मुग्ध होकर कथा श्रवण की, कथा के दौरान अनेक बार श्रद्धालु जन भाव विभोर हुए । आज प्रात: गणेश पूजा, कथा प्रारंभ होने से पूर्व व्यास पूजा श्री सीताराम चौहान एवं पत्नी श्रीमती लक्ष्मी चौहान के द्वारा एवं प्रसाद की सेवा श्री सनातन धर्म युवा मंच के अध्यक्ष मयंक चुघ परिवार द्वारा दी गई। श्री सनातन धर्म सभा की ओर से मयंक चुघ परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं आभार। संचालन सोमनाथ छाबड़ा द्वारा किया गया। इस मौके पर पंडित विजय शास्त्री, श्री सनातन ध र्म सभा अध्यक्ष वेदराज बजाज, महामंत्री राजकुमार सिंधी, कोषाध्यक्ष लेखराज भुड्डी, श्याम लाल सुखीजा, हरिचंद छाबड़ा, निशांत गुप्ता,अशोक पोपली, संजीव झाम, लेखराज नागपाल, कृष्णलाल बत्रा, विजय सुखीजा, सुरेंद्र बजाज, अशोक हुड़िया, प्रियांशु गुप्ता,ओम प्रकाश बठला, लालचंद बत्रा, विजय लक्ष्मी पांडे, लीना संजीव झाम, सुनीता बजाज, ज्योति छाबड़ा, निर्मला मित्तल, पूनम प्रसाद, विशाखा मुरादिया,शीतल छाबड़ा, अंजू, कोमल बत्रा,भारती कालरा, ज्योति धमीजा, वीना शर्मा, अशोक हुड़िया, प्रियांशु गुप्ता, निशांत गुप्ता, विशाखा मुरादियाआदि सहित सैंकड़ों श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद थे।



# बॉलीवुड के मशहूर स्टार के साथ शक्तिफार्म में बनेगी फिल्म

## फिल्म के कलाकारों के लिये कल से होंगे ऑडिशन लिए जाएंगे

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बॉलीवुड के मशहूर स्टार के साथ जल्द ही शक्तिफार्म में एक बड़े पर्दे की फिल्म बनने जा रही है। इसके लिए शक्तिफार्म सहित इसके आसपास के कई लोकेशन को चुन लिया गया है। फिल्म मेर्कस इस फिल्म में भारी संख्या में स्थानीय कलाकारों को भी मौका देने जा रहे हैं। 11 फरवरी से इस फिल्म के तमाम किरदार के लिए ऑडिशन शुरू होने वाले हैं। फिल्म के असिस्टेंट डायरेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि यह फिल्म, समाज व इसके आसपास महिलाओं पर होने वाले अत्याचार व इससे उभरने की कहानी पर आधारित होगी। उन्होंने कहा कि फिल्म को बनाने वाली पूरी टीम मुंबई



से यहां पहुंचेगी और मार्च के अंत तक शक्तिफार्म सहित विभिन्न लोकेशन पर फिल्म की शूटिंग शुरू की जाएगी। बताया कि बॉलीवुड के एक बड़े स्टार को लेकर अच्छे खासे बजट के साथ इस फिल्म को तैयार किया जाएगा। साथ ही इस फिल्म में भारी संख्या में स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा, जिसके लिए टैगोर नगर स्थित शक्तिफार्म का एकमात्र डांस अकादमी डीडीआर डांस एकेडमी में 11 फरवरी से ऑडिशन लिए जाएंगे, जिसमें बालक वर्ग में 10 से 14 वर्ष तथा वयस्क वर्ग में 18 से 65 वर्ष तक के लोग ऑडिशन दे सकेंगे। इस दौरान सुमिंदर यादव, शिवा गौतम, अमित कुमार, अजय आर्य, प्रदीप साहनी, सुनील चौहान, सुशील गौतम, राहुल कुमार, अभिषेक सहानी मौजूद थे। वहीं शक्तिफार्म में विफल्म की शूटिंग को लेकर युवााओं में भारी उत्साह है।

# प्रभा रावत किया जोरदार स्वागत

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। प्रभा रावत के उधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ की पहली महिला अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने पर क्षेत्र मे खुशी की लहर छायी है। तमाम ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियो ने फूल माला पहनाकर बधाईदी है। साथ ही शक्तिफार्म निवासी श्रीमती प्रभा रावत को ऊधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की पहली महिला अध्यक्ष बनाये जाने पर नगर



के भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा ने दी बधाई व शुभकामनाएं साथ ही न्ब्ब कानून पारित किए जाने पर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी जाहिर की एवम माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी को भी धन्यवाद दिया। इस मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष मीनाक्षी बिस्वास महामंत्री गीता सरकार जिला कार्यकारणी सदस्य लिलिमा मजूमदार ,सुशीला ,सोना मालिक मीडिया प्रभारी उपस्थित रही।

# किच्छा जीजीआईसी में नए भवन बनाने की मिली मंजूरी : बेहड़

किच्छा(उद संवादाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने आज ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ किच्छा जी०जी०आई०सी० बालिका इंटर कालेज में भ्रमण करते हुये कालेज में होने वाले नवनिर्माण के लिए जगह चयनित की। इस दौरान विधायक बेहड़ ने कहा कि मेरे द्वारा किच्छा विधानसभा की 10 योजनाये माननीय मुख्यमंत्री जी को भेजी गयी थी जिसमें से एक योजना में उन्होंने किच्छा में बालिका इन्टर कालेज की स्थापना की मांग की थी जिसके बदले में माननीय मुख्यमंत्री ने किच्छा जी०जी०आई०सी० बालिका इंटर कालेज में नए भवन बनाने की मंजूरी दी गई है, जिसके लिये वह मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते है लेकिन वह आगे किच्छा में नए बालिका इंटर कालेज की मांग को जारी रखेंग। उन्होंने





अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि वह शीघ्र ही कालेज में नव निर्माण का इस्टीमेट बनाकर सरकार को भेजे। ताकि आचार सहिंता के बाद जल्द से जल्द भवन का निर्माण हो सके। श्री बेहड़ ने कहा कि किच्छा में बहुत तेजी से विकास कार्य कराये जा रहे है,इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत से कार्य कराये जायेंगे। श्री बेहड़ ने कहा कि वह स्वंय एक जूनियर कालेज भी गोद लेंगे और सभी सरकारी स्कूलों में आवश्यक विकास कार्य कराये जायेंगे। विधायक बेहड़ ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने काम के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए, जिस तरह बच्चों को पढनें की जिम्मेदारी मिली है उन्हें ये बखूबी निभानी चाहियें। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए पढाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए सबको आशीर्वाद देते हुए कहा कि पढ़ लिखकर ये बच्चियां अपने विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन करे ऐसी मेरी कामना है। इससे पूर्व जीजीआईसी बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य सुनीता यादव ने समस्त अध्यापकगणों और बच्चों के साथ विधायक बेहड़ का भव्य स्वागत किया व शाल भेंट करते हुए उनका धन्यवाद किया। इस दौरान ग्रामीण निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नीरज कांडपाल एंव कनिष्ठ अभियंता गोपाल भट्ट और चिलवाल, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती शिखा चौध री,अभिभावक संघ से श्रीमती मंजू प्रजापति, हरीश सिंह,सलाम अंसारी , कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुडडु तिवारी, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,ओम प्रकाश दुआ,निर्मल सिंह हंसपाल,गुलशन सिन्धी,विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़,दानिश मलिक, अशोक मित्रा,नितिन शर्मा,जुनेद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# नानकमत्ता नगर पंचायत के आठ कर्मचारियों पर गिरि गाज

## कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी का किया घेराव



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत में मानक से अधिक कर्मचारी रखे जाने कीशासन में शिकायत करने पर आठ कर्मचारियों पर गाज गिरी है। नगर पंचायत में 8 कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया है। नौकरी से निकाले जाने पर कर्मचारियों ने अपने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गौरव के नेतृत्व में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी का घेराव कर विरोध दर्ज कराया। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गौरव,निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टूरना सफाई कर्मचारी व अन्य कर्मचारियों को निकले जाने पर उनके समर्थन में नगर पंचायत ऑफिस पहुंचे जहां उन्होंने अधिशासी अधिकारी विमला जोशी के समक्ष कर्मचारियों को निकाले जाने का विरोध करते हुए कहा कि बिना किसी शासन के आदेश के कर्मचारियों को निकालना दुर्भाग्यपूर्ण है। यूनियन के अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी कर्मचारी को बाहर निकल गया तो वह आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी से विनम्रता पूर्वक कर्मचारियों को वापस लेने का आग्रह किया, साथ ही चेतावनी दी कि अगर कर्मचारियों को बाहर निकाला गया तो सफाई कर्मचारी हड़ताल करने को बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। यहाँ बता दे की नगर पंचायत में मानक से अधिक कर्मचारी रखे जाने की शिकायत की गई थी। जिस पर अधिशासी अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए तीन कर्मचारी विपिन, प्रदीप मुस्कान, रानी के अलावा तीन पर्यावरण मित्र राजेंद्र, सुरजीत,अरुण, विश्वजीत को नौकरी से निकाल दिया था। इस मौके पर सूरज, ओमकार, रणजीत, सोनू, विजय, मुकेश आदि मौजूद थे।

नगर पंचायत के सभासद सुखलाल द्वारा शासन में शिकायत कर नगर पंचायत में सुविधा शुल्क लेकर मानक से अधिक कर्मचारी रखने का आरोप लगाया था। पदों के सापेक्ष अधिक कर्मचारी होने पर शासन ने मानक से अधिक कर्मचारी रखे होने पर हमारे वेतन से पैसा काटने की चेतावनी के बाद यह कार्रवाई की गई है।
**-विमल जोशी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नानकमत्ता।**

नगर पंचायत में विगत वर्षों से कर्मचारी कार्यरत, अधिशासी अधिकारी द्वारा जबरन कर्मचारियों को निकल जाने से सफाई व्यवस्था नगर में चौपट हो सकती है। बिना किसी आदेश के कर्मचारियों को निकालना उनके हित में नहीं है। कर्मचारियों को वापस नहीं रखा गया तो उच्च अधिकारियों से वार्ता की जाएगी
**-प्रेम सिंह टूरना, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष नानकमत्ता।**

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुध्द आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# युवती की मौत के आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं सड़क पार करने के दौरान ट्रक की टक्कर से युवती की हुई मौत के मामले में परिजनों ने अज्ञात ट्रक चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में मान सिंह पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम हमीरपुर थाना सीवी गंज, वर्तमान पता डिबडिवा थाना बिलासपुर ने कहा है कि उसकी पुत्री बबली सागर जो ग्राम बिन्दुखेड़ा में मटर के प्लान्ट में काम करती थी। 7 फरवरी की शाम बिन्दुखेड़ा मोड़ से दूसरी तरफ जाने के लिए रोड पार कर रही थी। जैसे ही वो रोड़ पार करने लगी रूद्रपुर साईट से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक संख्या यूपी 22 टी 8295 के चालक ने उस की पुत्री को टक्कर मार दी। जिसकी वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहाँ डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कमरे से नगदी चोरी कर मां व मासूम बच्चों से मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला द्वारा पड़ोसी के कमरे में घुसकर हजारों की नगदी चोरी कर ली गई। जब उससे रूपये वापस मांगे तो उसने परिजनों के साथ महिला मारपीट कर उसके सात दिन तथा डेढ़ वर्ष के बच्चों से मारपीट की कोशिश की गई। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। सोनू पुत्र देवकी नंदन हाल निवासी विवेक नगर, ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी चंदपुरा थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत का कहना है कि 7 फरवरी को दोपहर उसकी पत्नी कमरे में सो रही थी। और वह काम के सिलसिले से बाहर गया हुआ था। इसी बीच पड़ोस की निवासी महिला कमरे में आई और गद्दे के नीचे से 20 हजार रुपए चोरी कर ले गयी। रात्री उसकी पत्नी ने उस महिला से कहा कि वह ही उसके कमरे में आयी थी। रूपये वापस दे दो। इस बात पर महिला ने परिजनों के साथ कमरे में घुसकर उसकी पत्नी को बुरी तरह से मारापीटा तथा देख लेने की धमकी दी तथा उसके 7 दिन के बच्चे व डेढ़ वर्ष के बच्चे को मारने का प्रयास किया।



# आशा हेल्थ वर्कर्स राष्ट्रीय हड़ताल में शामिल होंगी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन संबद्ध एक्टू की जिलाध्यक्ष ममता पानू द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया गया। जिसमें कहा गया है कि आशाओं के राष्ट्रीय फेडरेशन ऑल इंडिया स्कीम वर्कर्स फेडरेशन ने केंद्रीय ट्रेड यूनियन एवं संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त रूप से आगामी 16 फरवरी को सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानो, औद्योगिक इकाइयों सेक्टरों में देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद का समर्थन किया है। अपनी न्यायोचित मांगों को उठाने के लिए एक्टू से संबद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन भी 16 फरवरी को एक दिवसीय राष्ट्रीय हड़ताल में पूर्ण रूप से शामिल होंगी। इस हड़ताल में शामिल होते हुए 16 फरवरी को एक दिवसीय काम बंद हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालोंमें श्रीमती कुलविंदर कौर जिला सचिव मौजूद थी।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम रितु रानी (RITU RANI) था। अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके रितु चराया (RITU CHARAYA) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे रितु चराया (RITU CHARAYA) पत्नी राजकुमार चराया( RAJKUMAR CHARAYA) के नाम से ही सम्बोधित किया जाये।

**रितु चराया पत्नी राजकुमार चराया**
**निवासी ग्राम महाराजपुर पोस्ट लालपुर**
**तहसील व थाना किच्छा जिला उधमसिंहनगर**

# मोदी मैदान सब्जी मंडी से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोदी मैदान स्थित सब्जी मंडी में सामान लेने गये एक व्यक्ति को मोटरसाईकिल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले में रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में असलम असारी पुत्र अल्लाउदीन निवासी नई बस्ती खेड़ा नें कहा है कि 6 फरवरी को सायं वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एवाई 8347 पर सवार होकर मोदी मैदान निकट संजय नगर खेड़ा बाजार सब्जी लेने के लिये गया था। उसने अपनी मोटर साईकिल सब्जी के फड़ के किनारे खड़ी कर लॉक लगा दी। कुछ देर बाद वह सब्जी लेकर वापस आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी जो कि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी थी। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246617

# जीवन में आने वाली चुनौतियों के लिये अभी सजग रहे छात्र : चावला

गदरपुर( उद संवाददाता। जीआर डी इण्टरनेशनल स्कूल धौलपुर रूद्रपुर में द्वितीय बैच कक्षा 12 के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं सहित विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चैयरमैन गुरनाम सिंह चावला, वॉयस चौयरमैन सतनाम सिंह चावला, डाइरेक्टर मनविंदर सिंह,श्रीमती मनमीत कौर, प्रधानाचार्य ए जे बट्सर एवं उपप्रधानाचार्या साधना बट्सर ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों एवं समस्त सम्मानित पदाधिकारियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कक्षा 11 के छात्र छात्राओं ने अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिनमें प्रमुख कार्यक्रम कुमाऊँनी नृत्य, फन गेम्स, सोलो डांस, गिद्दा, बॉलीवुड गानों पर नृत्य, भांगड़ा आदि थे। मुख्य आकर्षण का केंद्र रैंप वॉक था,जो कक्षा 12 के छात्राओं द्वारा किया गया। विद्यालय के चैयरमैन गुरनाम सिंह चावला ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम आपको विस्तृत जीवन,समाज सेवा, देश सेवा के लिए समर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में अवसर केवल एक बार मिलता है,हमें उसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। आपको माता-पिता के सपनों को साकार करना है। जीवन में आने वाली चुनौतियों के प्रति अभी से सजग होने की आवश्यकता है। भगवान के ऊपर एवं स्वयं पर विश्वास करना चाहिए। प्रधानाचार्य ए जे बट्सर ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना हुए कहा कि बच्चों की अनेक खट्टी-मीठी यादें विद्यालय के साथ जुड़ी हुई है। आपकी स्मृति हमारे हृदय में सदैव बनी रहेगी। आप विद्यालय की ओर से बोर्ड परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले द्वितीय बैच के छात्र-छात्रा हैं इसलिए आप हमारे लिए और भी विशिष्ट हैं। सफलता का एक ही मंत्र हैं अनुशासन। हमारे विद्यार्थी विद्यालय से जाने के बाद देश एवं विदेश में जीआरडी का नाम रोशन करें तथा चुनौतियों का सामना करके एक सफल और खुशहाल जीवन व्यतीत करें। सफल लोगों की कहानी के साथ-साथ असफल लोगों की कहानी को भी जरूर पढ़ना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्तित्व विकास होना चाहिए। उपप्रधानाचार्या साधना बट्सर ने सभी को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि यह पल खुशी एवं भावनाओं में बहने का है। ककहरा सीखने से लेकर स्कूली जीवन बिताने तक आप हमारे साथ रहे, यह स्मृतियाँ आज हमारे साथ रहेंगी। अध्यापक आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी नरम तो कहीं सख्त रुख अपनाते हैं लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि आप जीवन भर विद्यालय से जुड़े रहेंगे, विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय का यही मूल मंत्र है कि शिक्षार्थ आइए- सेवार्थ जाइए अर्थात् शिक्षा के लिए आइए और लोक कल्याण के लिए जाइए। वॉयस चैयरमैन सतनाम सिंह चावला ने बोर्ड परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ये फेयरवेल नहीं है बल्कि जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु यात्रा का आरम्भ है। आप सदैव विद्यालय के दिनों को याद करेंगे। विद्यालय का साथ आपके द्वारा व्यतीत किए गए दिन हमें भावुक करते हैं। उन्होंने सभी का आभार प्रकट करते हुए कक्षा 11 के बच्चों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु धन्यवाद दिया। अच्छे अंक अर्जित करने के लिए कठिन परिश्रम की प्रेरणा देते हुए कहा कि शैक्षिक एवं सहशैक्षिक दोनों का ही महत्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें,सफलता निश्चित प्राप्त होगी। सदैव दो विकल्प के साथ चलना चाहिए। आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है। टेक्नोलॉजी के सकारात्मक नकारात्मक दोनों पहलू होते हैं। हमें सदैवसकारात्मक रहना चाहिए। अंत में प्रधानाचार्य एवं वॉइस चेयरमैन महोदय ने सभी बोर्ड परीक्षार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया और हेड ब्वॉय एंड हेड गर्ल ने सभी का आभार प्रकट किया। वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया।



# दंगाईयों ने कानून व्यवस्था से किया खिलवाड़ : सीएम

## हल्द्वानी में भड़की हिंसा और पथराव में घायल पीड़ितों से मिले सीएम धामी ,उपद्रवियों को चिन्हित करने के दिये निर्देश





**❑हल्द्वानी पहुंचकर सीएम ने घायल महिला पुलिसकर्मियों, जवानों, प्रशासन, नगर निगमकर्मी और पत्रकारों का भी हाल चाल जाना**

**❑पुलिसकर्मियों और प्रशासन के अधिकारियों सहित मीडियाकर्मियों पर पत्थरों से हमला कर जिंदा आग में झोंकने का प्रयास किया**



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को हल्द्वानी पहुंचकर गुरूवार शाम हुई उपद्रव की घटना की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी बनभूलपुरा में हुई घटना में घायल महिला पुलिस दल समेत अन्य पुलिसकर्मियों, प्रशासन, नगर निगमकर्मी और पत्रकार साथियों का भी हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने कानून तोड़ा है एवं सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है उनके सारे वीडियो फुटेज और फुटप्रिंट उपलब्ध हैं। इस घटना में शामिल सभी उपद्रवियों को चिन्हित कर उन पर विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया गतिमान है। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एडीजी कानून और व्यवस्था श्री ए.पी अंशुमान को प्रभावित क्षेत्र में कैंप करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अवैध निर्माण को हटाए जाने के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों एवं कार्मिकों पर हुए हमले तथा क्षेत्र में अशांति फैलाने की घटना को सख्ती से लेते हुए अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी निरंतर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर समय सजग रहे तथा हर स्थिति में अमन चौन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहें। । मदरसा और नमाज पढ़ने के स्थल को तोड़ने पर हल्द्वानी में भड़की हिंसा के बाद पूरे उत्तराखण्ड में हाई अलर्ट कर दिया गया है। वहीं हल्द्वानी में गत रात्रि हुई हिंसा में घायल पुलिस कर्मियों का हाल जानने सीएम पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंचे है। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात कर हिंसा और पथराव से चोटिल पुलिसकर्मियों से बाचकीत कर घटना की जानकारी ली है। वहीं सीएम ने घायलों को आवश्यक एवं समुचित उपचार देने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिये है।इस दौरान प्रेस वार्ता में सीएम धामी ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का काम पहले से चल रहा था। कल जब प्रशासन की टीम किसी अवैध् अतिक्रमण को हटाने के लिई तो उस पर हमला किया गया है।जिस प्रकार सुनियोजित तरीके से हमला हुआ है हमारे पुलिस अधिकरियों व जवनो पर मारपीट की गई है। हमारे पुलिस के महिला पुलिसकर्मियों को पत्थरों से हमला किया गया है। उन्होंने कहा कि देव भूमि में ऐसे हालात कभी नहीं हुए है। कानून तोड़कर दंगा किया गया है। देवभूमि के माहौल को बिगाड़ने का काम किया हैं मीडिया कर्मियों को मारपीट कर घायल किया है। मीडिया कर्मियों ने बताया है कि हमलावरों द्वारा उन्हें पकड़कर जिंदा आग में झोंकने का प्रयास किया गया है। कानून अपना काम करेगा जिन लोगों ने सरकारी सम्पत्ति जलाये है,लोगों के वाहनो को जलाये है उसके सारे वीडियो फुटेट उपलब्ध है। जो भी विधि सम्मत कार्यवाही होगी शीघ्र की जायेगी। सीएम ने कहा कि उन्होंने एसडीएम रेखा कोहली से बातचीत की है उन पर भी लोगों ने हमला कर मारपीट की गई है।आगजगी की गई है उनकी हत्या का प्रयास किया है। सीएम ने कहा कि घटना में जिन घायल लोगों को चोटे आयी उनका सरकार उपचार करवा रही है। हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य , विधायक बंशीधर भगत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, आईजी योगेंद्र रौतेला, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।






## मुख्य सचिव और डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ किया दंगाग्रस्त क्षेत्र और बनभूलपुरा थाना का निरीक्षण

### अराजकतत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगी : रतूड़ी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि सरकार के खिलाफ अगर कोई भी कार्यवाही होगी तो अराजकतत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण का जायजा लेते हुये जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिये आवश्यक दिशा निर्देश। उन्होंने कहा कि शहर के हालात सामान्य है दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शहर के हालातों से मुख्यमंत्री को अवगत कराने के पश्चात आगे की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने आम जनता को क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था के लिए सराहना की। सचिव श्रीमती रतूड़ी द्वारा सुशीला तिवारी चिकित्सालय में घायल मरीजों से मुलाकात की। उन्होंने सीएमएस सुशीला तिवारी चिकित्सालय को निर्देश दिये कि मरीजों को उपचार में कोई कोताही ना बरती जाए साथ ही उन्होंने बनभूलपुरा थाने का भी निरीक्षण कर प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। स्थलीय निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, जिलाधिकारी वंदना, डीआईजी योगेन्द्र रावत, एसएसपी पीएन मीणा आदि अधिकारी मौजूद थे। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने हल्द्वानी में प्रेस वार्ता में कहा कि शांति व्यवस्था को भंग करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर के हालात सामान्य है। मुख्य सचिव ने कहा कि शहर के वर्तमान हालातों से मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को अवगत कराने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र में शांति–व्यवस्था के लिए आम जनता की सराहना की। इससे पहले मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने दंगाग्रस्त क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और सुशीला तिवारी चिकित्सालय जाकर घायलों से मुलाकात भी की। उन्होंने चिकित्सालय के सीएमएस को निर्देश दिए कि घायलों के उपचार में कोई कोताही न बरती जाए। साथ ही उन्होंने बनभूलपुरा चौकी का भी निरीक्षण कर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

### हमले में सभी घायल हुए पत्रकारों का उपचार प्राथमिकता के आधार पर किया जाए : तिवारी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन द्वारा अवैध मदरसा और नमाज स्थल के ध्वस्तीकरण की कवरेज करने के लिए गए पत्रकारों पर दंगाइयों द्वारा हमले किए जाने का संज्ञान मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने लिया है जिस पर उन्होंने सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी को निर्देश दिए हैं कि सभी घायल पत्रकारों का उपचार प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और सभी घायल पत्रकारों का उपचार प्रशासन और सरकार की तरफ से किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी घायल पत्रकारों की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## नेटवर्क बंद होने से व्यापारी और आम जनता भी बेहाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में कर्फ्यू के चलते क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अफवाहों व भड़काऊ मेसेज पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के उद्देश्य से शासन प्रशासन द्वारा नगर व समीपवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क सेवाएं बंद कर दिए जाने से जहां व्यापारी वर्ग काफी परेशान है तो वहीं आम जनता को भी तमाम परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इतना ही नहीं विद्यार्थियों की ऑन लाइन पढ़ाई में भी बाधाएं आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑन लाइन लेन देन को बढ़ावा दिए जाने के बाद से अधिकांश छोटे व बड़े व्यापारियों के साथ ही आम जनता के लिए हर खरीददारी में ऑन लाइन भुगतान करना जीवन का एक अंग बन चुका है। लोगों द्वारा अपने पास नगदी सिर्फ अचानक जरूरत पड़ने के लिए ही रखी जाती है। कर्फ्यू के कारण जहां बैंक बंद हैं वहीं नेटवर्क सेवाएं बाधित कर देते जाने से व्यापारिक तथा रोजाना की खरीददारी काफी प्रभावित हो गई है। नगर एवं आस पास के ग्रामीण इलाकों के लोगों को हर खरीददारी के लिए नगद भुगतान पर ही निर्भर होना पड़ रहा है। बोर्ड व सीबीएससी की परीक्षाएं प्रारम्भ होने में अब चंद दिन ही शेष बचे हैं। अधिकांश विद्यार्थी ऑन लाइन पढ़ाई कर परीक्षा की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ऐसे में नेटवर्क सेवाएं बंद कर देने से उनके समक्ष परीक्षा की तैयारियों में परेशानियां आ रही हैं। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ ध्यान देने की आवश्यकता है।अधिक समय तक लगातार नेटवर्क सेवाएं बंद कर देने से समाज के सभी वर्गों के कार्य प्रभावित हो जायेंगे।

# पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## उपद्रवियों पर एनएसए एक्ट में होगी कार्यवाही, भारी हिंसा में करीब पांच करोड़ के नुकसान का अनुमान





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 18 नामजद उपद्रवियों समेत 5000 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने इलाके से पांच शव बरामद किए हैं। चार लोगों को हिरासत में लेकर सीसीटीवी फुटेज व वीडियो रिकॉर्डिंग कब्जे में ली गई है। पुलिस प्रशासन हिंसा में हुए नुकसान का आंकलन कर रहा है वहीं दंगाईयों के खिलाफ एनएसए और यूएपीए के तहत कार्यवाही हो सकती है। अर्धसैनिक बल हल्द्वानी पहुंच गए हैं। उपद्रवियों की पहचान शुरू कर दी गई है। नगर निगम को पांच करोड़ के नुकसान का अनुमान है। वहीं पुलिस को एक करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने एसओ मुखानी, सहायक नगर आयुक्त और एसओ बनभूलपुरा की तहरीर पर 18 नामजद समेत पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इस दौरान उन्होंने उपद्रवियों पर एनएसए लगाने की बात कही। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि नगर निगम को करीब पांच करोड़ के नुकसान का अनुमान है। पुलिस नुकसान का आकलन कर रही है। एक अनुमान के मुताबिक एक करोड़ से ज्यादा का नुकसान पुलिस को हुआ है। इस बीच शहर में दूसरे शहरों से पुलिस फोर्स और पीएसी के जवानों की आमद बनी हुई है। बृहस्पतिवार को हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में हुई भारी हिंसा के बाद शुक्रवार को शहर शांत रहा। कर्फ्यू का संबंधित क्षेत्र में सख्ती से पालन कराया गया जबकि शेष शहर में वाहनों की आवाजाही होती रही और दुकानें बंद रहीं। हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने एसओ मुखानी, सहायक नगर आयुक्त और एसओ बनभूलपुरा की तहरीर पर 18 नामजद समेत पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। घटनास्थल और आसपास के इलाके से पांच शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग कब्जे में ले ली है। पुलिस ने कई डीबीआर की हार्ड डिस्क कब्जे में ली है। क्षेत्र में अर्द्धसैनिक बल और भारी संख्या में वाहनों के साथ फोर्स ने बनभूलपुरा इलाके में फ्लैग मार्च किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी हल्द्वानी पहुंचे और घायल पुलिस, निगम के कर्मचारियों के साथ ही घायल पत्रकारों से भी मुलाकात की। उन्होंने हल्द्वानी हिंसा को सुनियोजित तरीके से की गई गहरी साजिश करार दिया। कहा कि दंगाइयों से नुकसान की भरपाई की जाएगी।

## हिंसा में गोली लगने से पांच युवकों की मौत की पुष्टि, शव परिजनों को सौंपे

हल्द्वानी। हल्द्वानी में हुई हिंसा में गोली लगने से मरने वालों के पांच शवों की पहचान हो चुकी है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में इन शवों का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने इनके शव परिजनों को सौंप दिए हैं। एक युवक की मौत बरेली ले जाते समय होने की बात सामने आई है। हालांकि प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। शुक्रवार को एक शव इंदिरानगर रेलवे फाटक पर मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इसे मोर्चरी भेज दिया। इसके बाद मोर्चरी में शव के कपड़ों के जेब में मिले आधार कार्ड से इसकी पहचान प्रकाश कुमार (24) पुत्र श्यामदेव निवासी शहना गांव बाजपुर के रूप में हुई है। उधर शुक्रवार का मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पांच शवों के पोस्टमार्टम हुए। मजिस्ट्रेट ने इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की। पोस्टमार्टम से पहले इन शवों का एक्सरे किया गया। सूत्रों के अनुसार सभी की गोली लगने से मौत हुई है। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिए हैं। सवाल उठ रहे हैं कि पुलिस ने बनभूलपुरा थाने से लेकर मलिक के बगीचे के बीच ही गोली चलाई। ऐसे में एक शव इंद्रानगर गौला गेट रेलवे फाटक के पास मिला। इससे सवाल ये उठ रहे हैं कि यहां कैसे शव आया। किसी ने मारकर इसे कहीं यहां तो नहीं फेंका है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सूत्रों की मानें तो डीएम वंदना ने भी इसका संज्ञान लिया है। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह से पूछा है कि कहां-कहां से ये शव मिले हैं। गोली लगने से फईम (26) मो. नासिर निवासी गांधीनगर, शहनवाज (22) पुत्र शफीक अहमद निवासी आजाद नगर, अनस (19) पुत्र नाहिद निवासी गफूरबस्ती, जाहिद (45) पुत्र नूर मोहम्मद निवासी गफूरबस्ती, प्रकाश कुमार (24) पुत्र श्यामदेव निवासी शहना गांव बाजपुर की मौत हुई है।





## युवक की हत्या कर शव फेंका

हल्द्वानी। मां की दवा लेने के लिए घर से निकले बेटे को उपद्रवियों ने गोली मार दी। युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस घटना के बाद युवक की मां का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। वीडियो में महिला बता रही हैं कि उनका बेटा अजय दवा लेने के लिए गया था। इसी बीच बेटे को गोली मार दी गई। पुलिस वीडियो प्रसारित होने के बाद युवक का पता लगा रही है। बनभूलपुरा में उपद्रवियों ने बर्बरता के साथ लाइसेंसी व अवैध असलहों से गोलियां बरसाईं। बवाल में जिन पांच लोगों की मौत हुई है, उन सभी को गोली लगी। बाजपुर के प्रकाश कुमार को तीन गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया। फिर शव को रेलवे पटरी पर फेंक दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव बरामद किया।बनभूलपुरा में उपद्रव के दौरान अधिकांश पुलिस कर्मी लाठी-डंडों के भरोसे थे, जबकि दूसरी ओर से महिला, पुरुष व बच्चे लगातार पथराव कर रहे थे। इसमें सैकड़ों पुलिस कर्मी लहूलुहान हो गए। पथराव के बाद उपद्रवियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं, जिसमें बाजपुर के प्रकाश कुमार, बनभूलपुरा के फईम कुरैशी, जाहिद, मो. अनस, शब्बाद की मौत हो गई। पांचों लोगों की गोली से हुई मौत बता रही है कि उपद्रवियों के पास वैध व अवैध दोनों तरह के असलहे थे। उन्हें किसी का भय नहीं था। बाजपुर के प्रकाश का शव बनभूलपुरा में इंदिरानगर गेट के पास रेलवे पटरी पर मिला है। उसके शरीर पर तीन गोलियां लगी हैं। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। इधर, शुक्रवार को पुलिस ने चार मुस्लिम लोगों के शव का पोस्टमार्टम कराया। देर शाम शवों को स्वजन को सौंपा और सुपुर्द ए खाक करा दिया।

## कर्फ्यू से राहत की उम्मीद, सात जोन में मजिस्ट्रेट तैनात

हल्द्वानी। बनभूलपुरा बवाल के दूसरे दिन जिला प्रशासन ने शहर को सात जोन में बांट दिया है। सभी जोन में मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं। डीएम वंदना के अनुसार, ताज चौराहा किदवई नगर, चोरगलिया रोड, लाइन नंबर 17 से मुजाहिद चौक तक सुपर जोन एक के लिए एपी बाजपेयी, गांधी नगर व इंदिरा नगर में सुपर जोन दो के लिए प्रमोद कुमार को मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। वहीं, मंगल पड़ाव मेडिकल, मंडी, गोरापड़ाव, सुशीला तिवारी अस्पताल मोर्चरी तक सुपर जोन तीन के लिए तुषार सैनी, थाना काठगोदाम गौलापार तिराहे से बागजाला तक सुपर जोन चार के लिए कृष्ण नाथ गोस्वामी को मजिस्ट्रेट तैनात किया गया है। सुपर जोन पांच में नैनीताल अर्बन तिराहे से चक्रीय क्रम में मुखानी चौराहा, सुशीला तिवारी अस्पताल तक शामिल है। इसमें विपिन पंत मजिस्ट्रेट रहेंगे। इसके अतिरिक्त ऋचा सिंह पूरे नगर क्षेत्र को देखेंगी और पारितोष वर्मा परगना क्षेत्र के मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। डीएम का कहना है कि सभी मजिस्ट्रेट एडीएम शिव चरण द्विवेदी के निर्देशन में कार्य करेंगे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर भ्रमण करते रहेंगे। बनभूलपुरा बवाल के बाद शहर में कर्फ्यू लगा हुआ है। इससे इंटरनेट सेवा से लेकर सभी तरह की सेवाएं बाधित हैं। लोग परेशान हैं। बनभूलपुरा से दूसरे क्षेत्र के लोग कर्फ्यू में ढील की मांग करने लगे हैं। हालांकि, शुक्रवार की रात तक जिला प्रशासन का किसी तरह का आदेश नहीं आया है। अगर 10 फरवरी को सबकुछ ठीक रहा तो ढील मिल सकती है। जिला प्रशासन का कहना है कि इसके लिए सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा।

## महिला पुलिसकर्मी ने सुनाई खौफनाक आपबीती

हल्द्वानी। जब लोगों ने पत्थर मारने शुरू किए तो सभी आड़ लेने की जगह ढूंढने लगे। पथराव बढ़ते ही वहां भगदड़ मच गई। तभी एक पत्थर आकर पीठ पर लगा और किसी के धक्के से मैं नीचे गिर गई। इससे हाथ में नीचे टूटा कांच घुस गया। दर्द से कराहने लगी थी और जैसे ही उठने की कोशिश की, तो लोग मेरे ऊपर से ही कुचलते हुए भागते रहे। तब लगा था आज घर वापस नहीं जा पाऊंगी। यह कहना है घायल पुलिसकर्मी हेमा जोशी का। 31 पीएसी में एसआई हेमा जोशी के हाथ में चोट लगी है। पूछने पर बताया कि हाथ में कांच घुस गया है, जिसका इलाज बेस अस्पताल में करवाया। बातचीत के दौरान भी उनकी आंखों में बीती शाम का खौफनाक मंजर नजर आ रहा था। कहा कि वह हमेशा की तरह ड्यूटी करने रुद्रपुर से हल्द्वानी अपने साथियों के साथ पहुंची थी। उनको बनभूलपुरा में भेजा गया। यहां महिलाएं विरोध कर रही थी, जिनको रोकने के लिए हम लोग आगे बढ़े। महिलाओं को रोक भी लिया था, लेकिन तभी अचानक पत्थर आने लगे। देखा तो दूर से युवक और बच्चे पत्थर बरसा रहे थे। पथराव से सभी तितर बितर हो गए तो छिपने की जगह देखते लगे। हर कोई उनके ऊपर से चढ़कर वहां से निकलता रहा। इस दौरान ऊपर से पत्थर भी पड़ते रहे। किसी तरह वहां से निकलकर खुद को बचा पायी। इस माहौल को बयां करते हुए उनकी आखें भी भीग गई। बताया कि उनका 23 साल का एक बेटा है, जो मुंबई में नौकरी करता है। जब यह हुआ तो उसका चेहरा आंखों के सामने आ गया था और लगा कि आज वापस लौटकर नहीं जा पाऊंगी। कहा कि इसके बाद भी घर पर कुछ नहीं बताया, लेकिन जैसे की उनको न्यूज मिली, तो सब परेशान हो गए। बेटा फोन करके बार बार हाल पूछ रहा है और घर वाले चिंता में हैं। घायल पुलिसकर्मी बबीता ने बताया कि उपद्रव कर रहे लोगों की हमें जान से मारने की तैयारी थी। मौत के मुंह से बचकर किसी तरह से वहां से निकले हैं। यह विरोध कम और सोची समझी साजिश अधिक दिख रही थी। मैंने देखा कि औरतों के साथ ही दस से बारह साल के बच्चे भी पत्थर फेंक रहे थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अतिक्रमण और उग्र हिंसा

उत्तराखंड के हल्द्वानी में सरकारी जमीन पर से अतिक्रमण हटाने की कोशिश में जिस तरह हिंसा भड़क उठी और बड़े पैमाने पर पुलिसकर्मियों के घायल होने तथा हिंसा पर उतारू भीड़ पर गोली चलाने से चार लोगों के मारे जाने की खबर आई, उससे अतिक्रमण रोकने के सरकारी प्रयासों पर एक बार फिर गहरा सवालिया निशान लगा है।गौरतलब है कि हल्द्वानी के एक इलाके में सरकारी भूखंड पर कथित रूप से कब्जा कर मजार और मदरसा बना लिया गया था। उसे हटाने के लिए पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी वहां पहुंचे तो स्थानीय लोग उग्र हो उठे और पुलिस पर पथराव करना शुरू कर दिया। अब स्थिति यह है कि पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया है। वहां स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।इस बात की जांच होनी चाहिए कि भीड़ के उग्र और हिंसक होने के पीछे क्या कोई साजिश है! इसी तरह पिछले वर्ष जनवरी में भी हल्द्वानी के ही एक इलाके में रेलवे की जमीन पर कब्जा कर बसी एक बस्ती को हटाने का अभियान चलाया गया था। तब भी खासा हंगामा हुआ। अतिक्रमण हटाने के विरोध में लोगों ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और उस मामले को मानवीय करार देते हुए अदालत ने बेदखली पर रोक लगा दी थी। हल्द्वानी में और भी ऐसी जगहें हैं, जहां लोगों ने अतिक्रमण कर बस्तियां या मकान-दुकान बना ली है। पिछले वर्ष भी वन विभाग, रेलवे और राजस्व विभाग के भूखंडों पर से अवैध कब्जा हटाने का अभियान चलाया गया था। पता चला कि कई जगहों पर भूमाफिया ने सौ और पांच सौ रुपए के स्टांप पर लोगों को सरकारी जमीन बेच दी थी। उन पर लोग घर बना कर रह रहे हैं। उनमें से ज्यादातर स्थानीय निवासी नहीं हैं। वे वहां मजदूरी वगैरह करने के लिए गए थे। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सरकारी भूखंड पर किसी को अवैध रूप से कब्जा कर रिहाइश या कोई कारोबारी भवन बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मगर यह सवाल अपनी जगह है कि प्रशासन और सरकार को तभी ऐसी जगहों को खाली कराने की सुध क्यों आती है, जब लोग वहां बस्तियां बसा चुके होते हैं। देश का शायद ही कोई ऐसा शहर हो, जहां अवैध रूप से कायम की गई बस्तियां आबाद न हों। ये बस्तियां कोई एक दिन में या रातोंरात तो बस नहीं जातीं। कहीं-कहीं तो लोग दावे करते हैं कि वे पचास-पचास वर्ष से रह रहे हैं। सरकारी भूखंडों पर कब्जे की प्रवृत्ति पुरानी और उजागर है। इसके पीछे सक्रिय लोग भी करीब-करीब पहचाने हुए होते हैं। सरकारी अमले और भूमाफिया के बीच गठजोड़ के जरिए अतिक्रमण कराया जाता है। फरीदाबाद के वनक्षेत्र में वर्षों से आबाद हजारों लोगों की बस्ती को भी इसी तरह सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर हटाना पड़ा था। ऐसे मामलों में ठगे और मारे जाते हैं, वे गरीब लोग, जिन्हें धोखे में रख कर भूमाफिया कम कीमत पर जमीन बेच देते हैं। यही नहीं, कई जगह तो बस्तियां बसने के बाद उनमें बिजली-पानी की सुविधाएं भी सरकारी विभागों द्वारा उपलब्ध करा दी जाती हैं। लोग राशन कार्ड, आधार पहचान-पत्र जैसे दस्तावेज भी हासिल कर लेते हैं। तब प्रशासन को यह जरूरी क्यों नहीं लगता कि वह वहां बस रहे लोगों को रोके। किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को हटाया ही जाना चाहिए, मगर उसका तरीका कानूनी होना चाहिए, ताकि हिंसा की नौबत न आने पाए।

# साहित्य समाज और पत्रकारिता में भाषाई सौहार्द की भूमिका

सनातन संस्कृति का मूल मन्त्र है 'वसुदैव कुटुम्बकम' जहाँ विविध भाषाएं धर्म और संस्कृतियाँ एक परिवार की भांति समाविष्ट होकर पुष्ट होती हैं, और सह-अस्तित्व में ही अपनी परिणति पाती हैं । भारत बहुभाषी राष्ट्र है जहाँ औदार्य और सहिष्णुता का गुण आत्मसात कर भाषाई समन्वय सद्भावना पूरित समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है । भारोपीय भाषाओं इतिहास को अगर हम देखें तो इनका मूल स्रोत संस्कृत में ही मिलेगा और भाषाओं का पारस्परिक सहकार केवल उनके शब्द भंडार को पुष्ट नहीं करता बल्कि उन्हें विस्तार भी देता है । हमारे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाली भाषा हिंदी भी ऐसी समावेशी भाषा है जिसने प्राकृत तत्सम, तद्भव प्रांतीय देशी विदेशी सभी शब्दों को अपनाकर अपना क्षितिज विस्तृत कर लिया है क्योंकि यह एक अविवादित सत्य हैं कि हिंदी स्थानीय और प्रांतीय भाषाओं को साथ लेकर ही वैश्विक भाषा बन सकती है । आज यह एक गंभीर सामयिक चिंतन का विषय है कि भाषाई सहकार में वर्चस्वता के विषैले बीज बो दिए जा रहे है । भाषाई विरोध तो अपरिपक्व मानसिकता का ही परिचायक है ।कहना अतिशयोक्ति नहीं कि आज हमारी संस्कृति को अक्षुण्ण रखने में भाषाई सहकार अपना औचित्य सिद्ध कर रहा है । हिन्दी को राष्ट्रीय फलक से ऊपर उठाकर वैश्विक क्षितिज पर स्थापित करने का महत्वपूर्ण मानदंड भाषाई समन्वय को माना जाना चाहिए । अगर साहित्य की बात करें तो साहित्य समाज की वैचारिकता से प्रभावित भी होता है और उसे प्रभावित भी करता है ।समाज से दिशा भी पाता है और उसे दिशा भी देता है । इसी कारण उसे समाज का दर्पण माना जाता है । और पत्रकारिता- पत्रकारिता का लक्ष्य - सच से दुनिया को रूबरु कराना है । साहित्य और पत्रकारिता में एक मूलभूत अंतर यह है कि साहित्य भले ही कितना भी यथार्थवादी क्यों न हो वह यथार्थ की तर्ज पर स्थापित सामाजिक और पारंपरिक मूल्यों को विस्थापित करने का जोखिम कभी नहीं उठा सकता । इस तरह से वह तो यथार्थवादी होता हुआ भी आदर्शों की नींव पर ही भवन निर्माण करता है और जहाँ तक पत्रकारिता का सवाल है , वे उस सच को परोसते है जो या तो घट चुका होता है या संभावित होता है और वह भी यथासंभव ईमानदारी के साथ । हाँ जब ध्येय विस्तार है तो आम जनता की जुबान तक पहुँचना अवश्यम्भावी बन जाता है । स्थानीय बोध अर्थात प्रांत विशेष की भाषा के शब्दों का सम्मिश्रण ! वे शब्द जो उस बोली विशेष के लोगों में प्रचलित है । भाषा में लचकता एक अनिवार्य गुण हैं और हिंदी तो ऐसी भाषा है जिसमें सभी भाषाओं और बोलियों को अपने में समा लिया है ।यहाँ 'स्कूल' शब्द भी उसी तरह व्यवहृत है जैसे विद्यालय शब्द और पाठशाला शब्द । आज देखा जाए तो ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में हर वर्ष सैकड़ों हिन्दी के शब्द जोड़े जा रहे हैं तो हिन्दी का अंग्रेजी से भी विरोध क्यों ? हाँ वर्चस्वता की सनक अवश्य नकारात्मक परिणाम दे सकती है । लेकिन समावेशी सोच का स्वागत हमेशा होना चाहिए ! जो जितना मूल से जुड़ा रहेगा उतना पुष्पित और पल्लवित होगा । भाषा की सर्वग्राह्यता उसे जीवंत बनाए रखती है और हिंदी की महानदी में प्रांतीय भाषाओं की उप-नदियाँ अनादि काल से मिलती आ रही है । लेकिन यह भी एक सच है कि जब तक भाषा को जीविका का माध्यम ना बनाया जाए तो धीरे- धीरे वह विलुप्त होने के कगार पर चली जाती है और यही अंजाम हुआ कई भारतीय भाषाओं का । ज्ञान ,विज्ञान,शिक्षा ,व्यवहार ,साहित्य ,पत्रकारिता में स्थानीय भाषा का प्रयोग राष्ट्र की असीमित प्रगति का सोपान बन सकता है । एक ओर यह भी सत्य हैं कि आज अंग्रेजी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जीविकोपार्जन की मान्य प्रचलित भाषा है जिसने देशी गुणवत्ता को निर्यात करने में घातक भूमिका निभाई है । हाँ , हर राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी राष्ट्रभाषा होती है , होनी चाहिए लेकिन दुर्भाग्यवश ,कारण कुछ भी हो ,आज तक हिन्दी हमारी राष्ट्र की घोषित राष्ट्रभाषा का दर्जा प्राप्त नहीं कर पाई है ।जब तक यह कदम न उठाया जाए ,इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर मान्य न बनाया जाए, उसकी दशा दिशा में सुधार न किया जाए, तो वह केवल धीरे- धीरे एक संपर्क भाषा मात्र बनकर रह जाएगी । और देखा जाए तो प्रशासनिक भाषा , जो राजभाषा के रूप में आज सरकारी कार्यालयों में व्यवहृत है उसे दुर्भाग्य से अधिक से अधिक दुरूह बना दिया गया है जो सामान्य जन तो क्या, शिक्षित बुद्धिजीवियों के लिए भी अग्राह्य बनकर रह गई है ।जब भाषा की बोधगम्यता बाधित हो जाती है तो उसका विकास अवरुद्ध हो जाता है । आज वैश्विक बाजार की अवधारणा ने भाषाई सौहार्द को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । भारत एक सशक्त संभावित बाजार है । आज हिन्दी को अपनाना बहु राष्ट्रीय कम्पनियों की अनिवार्यता बन गई है । उसी प्रकार स्थानीय पहुँच हर व्यापारिक प्रतिष्ठान की सफलता का रहस्य टिका हुआ है । आज बड़े से बड़े व्यापारिक समुदाय अपने उत्पाद की खपत बढ़ाने के लिए आम जन की आर्थिकी को केंद्र में रखकर उत्पाद संकुलित कर रहे हैं । तो जो जितना आम जन तक पहुँचेगा, वह उतनी सफलता पाएगा । अब क्षेत्र जो भी हो, आम व्यक्ति तक पहुँच अवश्यंभावी है । साहित्य ,व्यापार और पत्रकारिता भी इसका अपवाद नहीं । कथ्य संप्रेषणीय तभी होता है जब अपनी बोली में बोला गया हो । शिक्षा तभी सुलभ ग्राह्य हो जाती है जब मातृभाषा में हो । साहित्य तभी बोधगम्य होगा जब स्थानीय भाषा में हो । और इस तथ्य को जिसने जितना ग्रहण किया, उतनी सफलता पाई । इसलिए साहित्य हो या पत्रकारिता स्थानीय भाषा उसे लोकप्रियता ही नहीं देती बल्कि विस्तृत विस्तार दे देती है ।

**-डॉ पदमावती पंड्याराम**

## मतदान के लिये किया जागरूक

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक श्री विपिन कुमार द्वारा स्वीप टीम के साथ औद्योगिक इकाई मैसर्स एसपीसाल्वैन्ट लिमिटेड, काशीपुर रोड, रूद्रपुर में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रचार-प्रसार के तहत् इकाई के कर्मचारियों को मतदान का अधिकार एवं मतदान करना आवश्यक है, साथ ही मतदान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इसके तहत् मतदान किये जाने हेतु उपस्थितजनों को शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर इकाई के निदेशक श्री पवन कुमार, पंतनगर यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ भण्डारक श्री रजनीश पाण्डेय आदि उपस्थित थे।



## दस परिवारों को सौपे आर्थिक सहायता के चेक



किच्छा( उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ के कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड ने विधानसभा के गरीब परिवारों को पुत्रियों के विवाह तथा आर्थिक सहायता हेतु 10 परिवारों को दस-दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किये गये। विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़ ने बताया कि किच्छा विधानसभा में निवास कर रहे गरीब परिवारों ने आर्थिक मदद तथा पुत्रियों के विवाह में आर्थिक मदद करने के लिए आवेदन दिए थे। जिस पर विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी से मुलाकात कर 10 आवेदन दिए थे जिन पर विधानसभा अध्यक्ष ने संस्तुति करते हुए 10 परिवारों को प्रत्येक परिवार को 10000/- की धनराशि के चेक भेजे है जिनको आज किच्छा आवास विकास कार्यालय में लाभार्थियों को प्रदान किये गये है। श्री बेहड़ ने कहा कि विधायक जी का पूर्ण प्रयास रहता है कि प्रत्येक आवेदनों पर सरकार से पूर्ण मदद दिलाई जाये। इस अवसर पर गुलाबराय निवासी गिधपुरी,ग्राम कुरेंय्या निवासी वशरुद्दीन, राजवती निवासी-ग्राम पक्की खुमरिया, मन्ना लाल राठोड निवासी ग्राम कुरेय्या, इदरीश अहमद वार्ड न०-18, राज किशोर वार्ड न०-03 सिसई बंडिया, अर्जुन कुमार वार्ड न०-17 किच्छा, कुसम निवासी पुरानी गल्ला मंडी किच्छा, जमील एहमद वार्ड न०-17 किच्छा, संत कौर पत्नी स्व० सतनाम सिंह को चेकों का वितरण किया गया। सभी लाभार्थियों ने विधायक तिलकराज बेहड़ का बहुत-बहुत आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर किच्छा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष दर्शन कोली, किच्छा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डु तिवारी,मेजर सिंह, ओम प्रकाश दुआ,सुनीता कश्यप,हरभजन सिंह, दानिश मलिक,धर्मेन्द्र सिन्धी,दलजीत कक्कड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव मनाया

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। आर्य समाज रुद्रपुर द्वारा आयोजित आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के 200 वें जन्मोत्सव पर प्रात: काल ऋग्वेद के मंत्रों से आर्य समाज के पुरोहित पंडित प्रभात कुमार आर्य के द्वारा यज्ञ कराया गया। इसके उपरांत सहारनपुर से पधारे आर्य जगत के उच्च कोटि के विद्वान भजन उपदेशक पंडित सचिन आर्य के द्वारा भजनों के द्वारा यज्ञ तथा संतान निर्माण के विषय पर उपदेश किया गया। कानपुर से पधारे पंडित रविंद्र आर्य के द्वारा अग्निहोत्र के विषय में उपदेश किया गया। उन्होंने कहा के प्रत्येक मनुष्य को प्रतिदिन प्रात: काल और सायं काल अपने घर में यज्ञ करना चाहिए। वेद में परमपिता परमात्मा ने ऐसा करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति परमात्मा के आदेश का पालन नहीं करता वह जीवन में सदा दुख प्राप्त करता है। उन्होंने कहा की अग्निहोत्र के द्वारा सभी भौतिक सुखों की प्राप्ति की जा सकती है। कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डी एस राजपूत जी, आईपीएस, पधारे जिन्होंने बच्चों को संध्या हवन के लिए प्रेरित किया तथा बुजुर्गों को सम्मान देने की प्रेरणा देते हुये आर्य समाज के कार्यकर्ताओं को भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए पूरा समर्थन देने की बात कही। जिस पर आर्य समाज व आर्य कन्या इंटर कॉलेज के अधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आर्य समाज व आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता, शिक्षक गण व बालिकाएं मौजूद रह। अंत में मंत्री जी ने इन तीन दिवसीय कार्यक्रम में सभी को परिवार सहित आने के लिए आमंत्रित देते हुये श्रोतागणों का आभार प्रकट किया।








# आवास विकास में पतंजली आरोग्य केन्द्र का शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास होली चौक रोड पर आज पतंजली आरोग्य केन्द्र का धार्मिक अनुष्ठानों के साथ शुभारम्भ किया गया। केंद्र संचालक सार्थक सुखीजा ने बताया कि नव प्रतिष्ठान में पतंजली के सभी उत्पाद उचित दामों पर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि पतंजली स्वदेशी समृद्धि कार्ड बनवाने पर 5 लाख तक जीवन सुरक्षा के साथ खरीददारी पर 5 से 10 प्रतिशत की बचत की जा सकेगी। दुर्घटना से स्थाई दिव्यांगता होने पर 2.5 लाख रूपये आकस्मिक अनुदान सहयोग राशि प्रदान की जायेगी। सार्थक सुखीजा ने बताया कि जड़ी बूटियों से निर्मित पतंजली उत्पाद रोगों के निदान में कारगर साबित हो रहे हैं। आज देश में करोड़ों लोग इसका उपयोग का लाभ उठा रहे हैं। इस मौके पर अनिल सुखीजा, किरन सुखीजा, शैफाली सुखीजा, अजय मैग्रेसर, प्रिया मैग्रेसर, सोनी मैग्रेसर, सतीश गक्खर, मानस सुखीजा, डा. राजेन्द्र रस्तोगी, हरिओम, सतीश बत्रा, सतीश सुखीजा, रीना सुखीजा, जीएस गहलौत, हैरिक मैग्रेसर, सुरेन्द्र बत्रा, राजेन्द्र मदान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।





# आग से गौशाला व झोपड़ी जलकर हुई राख, दो मवेशी मरे,कई घायल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। टैगोर नगर ग्रामसभा मे शुक्रवार रात लगी आग से गौशाला सहित झोपडी जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। जानकारी के अनुसार शुक्रबार देर रात को शॉर्ट शर्किट से अचानक लगी आग ने धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया। घटना के बाद पड़ोसी व ग्रामीणों ने आग को बुझाया। तब तक सब कुछ जल चुका था। भीषण आग लगने से दिहाड़ी



मजदूरी करने वाले विश्वजीत दास की चार बकरी जिसमे दो गाभिन थी जिंदा जलकर मर गई। साथ ही एक गाय और एक बछड़ा बुरी तरह आग से झुलस गया। घटना में विश्वजीत के पड़ोसी विश्वेश्वर भक्त की झोपडी भी जलकर राख हो गई। उसमे रखे तमाम दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, स्कूली दस्तावेज के साथ राशन, कपड़े आदि जलकर राख हो गया। पीड़ितों ने पड़ोसी के घर रात गुजारी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नुकसान की जानकारी के साथ आग लगने के कारणों का पता किया। वही राजस्व विभाग से पटवारी ने भी मौके पर पहुंच पीड़ितों से घटना की जानकारी के साथ नुकसान का जायजा लिया।

# ठेकेदार वैलफेयर इकाई के हीरा बल्लभ भट्ट दोबारा बने अध्यक्ष

बागेश्वर( उद संवाददाता)। ठेकेदार वैलफेयर समित की नई कार्यकारिणी गठन को लेकर बैठक हुई। यहां आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से हीरा बल्लभ भट्ट को अध्यक्ष व नवीन परिहार को सचिव बनाया गया। सभी ने संगठन की मजबूती पर बल दिया।संगठन कार्यालय में आयोजित बैठक में ठेकेदारों ने कहा कि जिले के निर्माण कार्यो की विभागों में जो भी निविदा हो रही है, उसकी सूचना विभाग ठेकेदार संघ को देने,जो विभाग संघ की अवहेलना करेगा



उसके खिलाफ संघ लामबंद होगा।बैठक में सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षण सुबोध साह, संरक्षक भूपाल परिहार, उपाध्यक्ष गजेंद्र टाकुली, नवीन पाठक, नर सिंह रावत, महामंत्री संजय नेगी, मोहन सिंह रावत, मंत्री शेर सिंह बिष्ट, कमलेश परिहार, कोषाध्यक्ष प्रमोद मेहता को बनाया गया है। इस दौरान बिशन सिंह लुमियाल, मोहन रावत, भूधर नारायण भाकुनी,भरत टँगड़िया,शेर सिंह बिष्ट, जीएस खेतवाल,कुंदन सिंह, हरीश सिंह थे।

# पुलिस ने स्मैक सहित दो को किया गिरफ्तार

शक्तिफार्म( उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में आपरेशन प्रहार/अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर एवं क्षेत्राधिकारी सितारगंज व निरीक्षक सितारगंज के निर्देशन में चौकी शक्तिफार्म पुलिस द्वारा शुक्रवार को ध्रुव हालदार पुत्र प्रभाष हालदार निवासी हनुमान मंदिर के पास बैकुंठपुर नंबर 06 शक्तिफार्म उम्र 20 वर्ष को 2.46 ग्राम स्मैक तथा राहुल मल्लिक पुत्र विधा मल्लिक निवासी ग्राम देवनगर नंबर 03 शक्तिफार्म उम्र 27 वर्ष को 2.62 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। स्मैक बरामदगी के आधार पर दोनो के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी हैं। नशा तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी शक्ति फार्म उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र तिवारी, कास्टेबल भारत भूषण,देवेंद्र कन्याल मौजूद थे।



# दूधिया मंदिर के पास सड़क किनारे मृत मिला पल्लेदार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः किच्छा मार्ग पर दूधिया मंदिर के समीप एक पल्लेदार मृत अवस्था में पड़ा पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर उसके साथियों को इसकी जानकारी दी। बताया जाता है कि भूतबंगला निवासी 45 वर्षीय चरन सिंह पुत्र सियाराम पल्लेदारी का काम करता था। उसकी पत्नी काफी समय पूर्व उसे छोड़कर अपने तीन बच्चों 15 वर्षीय पंकज, 12 वर्षीय प्रीति व 10 वर्षीय सुमित को लेकर मायके कोलकाता चली गई थी। चरन सिंह घर में अकेले रहता था और शराब का आदी हो चुका था। आज सुबह लोगों ने दूधिया मंदिर के पास सड़क किनारे बेसुध अवस्था में पड़ा देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मृतक के साथियों को इसकी सूचना दी। तब तक उसके स्थानीय परिजन भी आ गये। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# ब्लाक प्रमुख नामधारी का किया स्वागत

खटीमा( उद संवाददाता)। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी आज भाजपाईयों ने फूल मालाए पहनाते हुये जोरदार स्वागत किया। आपको बता दे कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्यशैली से प्रभावित होकर देहरादून पार्टी कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख ने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। आज भाजपाईयों ने खटीमा में ब्लाक प्रमुख श्री नामधारी का स्वागत करते हुये उन्हे पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर श्री नामधारी ने ईमानदारी से भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य करने एवं पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लेते हुये भाजपाईयों का आभार जताया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी,नगर अध्यक्ष जीवन धामी,नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला महामंत्री सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, नौसर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य,उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद ,अमरजीत सिंह, भवानी भंडारी, गंगा सिंह चौहान, जिला मंत्री अंजू देवी, जानकार मंडल, महामंत्री अनीता ज्याला, राहुल सक्सेना, भास्कर जोशी, कैलाश पंत, सरदार हरदेव सिंह, वीरेंद्र कुमार राय, मोहन चुफाल,हरीश भट्ट, राहुल अरोरा,, गुरदयाल सिंह, रणजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, विकास विश्वास, प्रेम गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, तारिक मलिक, अकरम खान, नवीन बोरा, धरेंद्र कुमार, गोकुल आली, नीरज रस्तोगी, ममता राण,ा सुनीता राणा, नीलू गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे



# सुशील गावा का माल्यार्पण कर किया स्वागत

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। रुद्रपुर से अयोध्या तक पैदल पदयात्रा करने वाले राम भक्त सुशील गाबा का तीन पानी डैम के पास रिलायंस मार्ट में जोरदार स्वागत किया गया। समाजसेवी राजू पांडे तथा योगेश दीक्षित के नेतृत्व में जुटे दर्जनों समाजसेवियों ने श्री गाबा के पहुंचने पर उनका माल्यार्पण कर तथा केक काटकर गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मिष्ठान वितरण किया। समाजसेवी राजू पांडे ने कहा कि अभिनेताअरुण गोविल जी ने रामायण सीरियल में राम का किरदार किया, वह बड़े बड़े स्टार्स के पूरे करियर पर भारी है, उसी प्रकार रामभक्त सुशील गाबा द्वारा प्रभु श्री राम जी के जन्मस्थान पर पुनः प्राण प्रतिष्ठा की दिव्य एवम आलौकिक बेला के स्वर्णिम मौके पर की गाई यात्रा हमेशा हमेशा के लिए इतिहास बन गई है। यह गाबा जी के जन्मों का प्रतिफल था, जो उन्हें अपने इष्ट से मिलने के लिए बुलावा मिला। समाजसेवी योगेश दीक्षित ने कहा कि शताब्दियों के इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह एक नव इतिहास का सृजन का दिवस था। इस मौके पर पैदल अयोध्या पहुंचकर भाई सुशील गाबा क्षेत्र के इतिहास में सदा सदा के लिए अमर हो गए हैं। बड़े बड़े दिग्गज इनसे डाह रख सकते हैं, लेकिन प्रभु श्री राम जी की कृपा से यह पल और यह गौरव भाई सुशील गाबा की किस्मत में ही था। इस दौरान सचिन छाबड़ा, आदित्य अवस्थी, रिक्की कुमार, पूर्व छात्र सचिव शुभम मेहरा, इमरान सैफी, राहुल , राम, विजय, सुमित गुप्ता, प्रशांत चौरसिया, सर्जन यादव, विजय राजपूत, गौरव शुक्ला आदि मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**बाहरी क्षेत्रों से हटाया...**स्थल तोड़ने पर भीड़ ने गुरुवार को आगजनी और तोड़फोड़ की थी। हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने एसओ मुखानी, सहायक नगर आयुक्त और एसओ बनभूलपुरा की तहरीर पर 18 नामजद समेत पांच हजार उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। घटनास्थल और आसपास के इलाके से पांच शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग कब्जे में ले ली है। वहीं देहरादून में हल्द्वानी हिंसा को लेकर सियासत गरमा गई है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने हल्द्वानी हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन के नेता राजभवन पहुंचे। हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में मलिक के बगीचे में अवैध मदरसा और धर्मस्थल ढहाने गई पुलिस और प्रशासन की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था। पथराव में सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, रामनगर कोतवाल समेत 300 से अधिक पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हुए।

**एक करोड़ कीस्मैक...**में स्मैक की सप्लाई कर रहे थे। अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया गया कि वह यह स्मैक बरेली से लाकर खटीमा में नेपाल की एक पार्टी को बेचने वाले थे। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कल जैसे ही टीम को ड्रग तस्करों के खटीमा क्षेत्र में होने का टीम इनपुट मिला तो एसटीएफ द्वारा तुरन्त खटीमा पुलिस को साथ लेकर स्ट्राइक करते हुए 02 शातिर तस्करों को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों तस्कर बरेली के रहने वाले है और रुहेलखण्ड युनिवर्सिटी के पास एक साथ किराये के कमरे में रहते है। दोनों ही अनपढ़ है, अभियुक्त सगीर ने बताया कि उसके पास बरेली के पास गाँव में 26 बीघा जमीन है। जिस पर वह खेती करता है और सगीर पेशे से शहरों में चाट की ठेली लगाता था पर दोनों ने लालच में आकर अपना मूल धन्धा छोड़ दिया और धनवान बनने की चाह में नशे की दुनिया में कदम रखा। दोनों बरेली से उत्तराखण्ड और यूपी के अन्य इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी करने लगे दोनों ने बताया कि वे कई बार नशे की सप्लाई पहुँचाने उत्तराखण्ड आये और अपना नेटवर्क बनाने में कामयाब हो गये। श्री अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ को पिछले कई दिनों से भारत-नेपाल बार्डर से लगे क्षेत्रों में भारी मात्रा में मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना मिल रही थी जिस पर टीम द्वारा कल कार्यवाही करते हुए खटीमा क्षेत्र से 02 अन्तराज्यीय ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से अब तक की रिकार्ड स्मैक 01 किग्रा की बरामदगी की गयी है। पकड़ने वाली टीम में एसटीएफ कुमायूँ युनिट एएनटीएफ टीम के निरीक्षक एमपी सिंह, उ0 नि0 बृजभूषण गुरुरानी, विपिन जोशी,अ उनि प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी महेंद्र गिरी, किशोर कुमार, रविंद्र सिंह बिष्ट, दुर्गा सिंह पापड़ा, थाना खटीमा के उनि प्रियांशु जोशी, आरक्षी कमल पाल व पूरन सिंह शामिल थे।

**रिवालवर तानकर...** रूट पब्लिक स्कूल में टीचर के तौर पर नौकरी कर ली। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रोजाना की भांति बीते 8 फरवरी को सुबह लगभग 8:05 पर वह स्कूटी पर सवार होकर घर से स्कूल के लिए निकली इस दौरान रास्ते में स्विफ्ट कर सवार उसके पति दलजीत उसके दोस्त गोपी एवं मंडा निवासी कनकपुर थाना आईटीआई ने अचानक उसका रास्ता रोक लिया और कनपटी पर रिवाल्वर तानकर बलपूर्वक विवाहिता को कार में खींच ले गए। पीड़िता का आरोप है कि उपरोक्त तीनों अपहर्ताओं ने उसे पूरे दिन इधर-उधर घुमाया और रास्ते में उसके साथ बदसलूकी करते हुए मारपीट करते रहे। चिल्लाने अथवा शोर शराबा करने पर गोली मारने की धमकी दी जा रही थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रात्रि लगभग 9:00 बजे चौखंडी उत्तर प्रदेश में उसके एक रिश्तेदार के घर के सामने उपरोक्त तीनों ने धक्का मार कर नीचे गिरा दिया और वहां से भाग निकले। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करते हुए तहरीर के आधार पर अपहर्ताओं के खिलाफ धारा 341 365 323 504 354 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्तों के गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। कोतवाल प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए तमाम संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही अभियुक्तों को सलाखों के पीछे किया जाएगा।

**धांधली के मकड़जाल..**कायदों की धज्जियां उड़ाते हुए जेब भरने में जुटी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कैमिकल इण्डस्ट्रीयल डिजास्टर पर मॉकड्रिल का आयोजन







## जनपद की संभावित बड़ी रासायनिक आपदाओं से जुड़ी चुनौतियों को समझने व उनसे निपटने में सहायक होगी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी एवं रेस्पोंसिबल पर्सन आईआरएस उदयराज सिंह के निर्देशन में जनपद के दो स्थानों काशीपुर क्षेत्र में स्थित आईजीएल तथा पन्तनगर में रॉकेट इण्डिया, में कैमिकल (इण्डस्ट्रीयल) डिजास्टर पर आधारित मॉकड्रिल किया किया गया। आईजीएल, रॉकेट इण्डिया में ऑनसाइड व ऑफसाइड मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। काशीपुर के आईजीएल अपराह्न 10.55 बजे तथा पन्तनगर में रॉकेट इण्डिया अपराह्न 10.52 बजे मॉकड्रिल शुरू हुआ। आपदा परिचालन केन्द्र को आईजीएल काशीपुर से एथनील ऑक्साइड गैस रिसाव के कारण आगजनी होने, तथा रॉकेट इण्डिया से क्लोरीन गैस रिसाव की सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी के निर्देशन में आईआरएस सिस्टम को एक्टिवेट किया गया। काशीपुर में राधे हरि स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय को तथा रूद्रपुर में पुलिस लाइन को स्टेजिंग एरिया बनाने के साथ डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम सभागार को इमर्जेन्सी ऑपरेशन सेंटर बनाया गया। इमर्जेन्सी ऑपरेशन सेंटर में में कमाण्ड पोस्ट, कमाण्ड स्टाफ, लोजिस्टिक सैक्शन, प्लानिंग सैक्शन, ऑपरेशन सैक्शन बनाने के साथ ही साइडों पर संचालित गतिविधियों को देखने तथा दिशा- निर्देशन हेतु दो तरफा ऑनलाइन संवाद की व्यवस्था प्रोजेक्टर के माध्यम से की गई। आईजीएल में एथिनाइल ऑक्साइड गैस रिसाव होने की सूचना 10.55 बजे प्राप्त होने पर फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस तथा एनडीआरएफ की टीमों को मौके पर भेजा गया। टीमों ने आईजीएल की सैफ्टी टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया। रेस्क्यू अभियान में 04 प्रभावितों में से दो प्रभावितों को एम्बुलेंस के माध्यम से एलडी भट्ट चिकित्सालय भेजा गया एवं दो लोगों मामूल रूप से प्रभावित होने थे जिन्हे घटना स्थल पर ही उपचार दिया गया। गैस लीकेज रोकने के साथ ही रेस्क्यू अभियान 11.16 बजे समाप्त हुआ। इसी प्रकार रॉकेट इण्डिया में क्लोरीन गैस के लीक होने तथा लगभग 07 व्यक्तियों के गैस के प्रभाव में आने की सूचना मिलने पर एनडीआरएफ, सिडकुल पुलिस चौकी से पुलिस, फायर टीम, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ ही एम्बुलेंस टीम घटना स्थल पर भेजी गई। रेस्क्यू अभियान में, 07 व्यक्तियों को सुरक्षित तथा प्रभावितों को अलग-अलग समय पर रेस्क्यू कर एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय भेजा गया। गैस लीकेज रोकने के साथ ही रेस्क्यू अभियान 11.25 बजे समाप्त हुआ। इमर्जेन्सी में अनावश्यक भीड़ न हो और प्रभावित को बिना किसी बाधा के उपचार मिल सके तथा तीमारदारों सहित सभी को सही से जानकारी प्राप्त हो, इसके लिए चिकित्सालय में सूचना व्यवस्था हेतु अलग से व्यवस्था की गई थी। मॉकड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, फायर ब्रिगेड, होमगार्ड सहित आईआरएस से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। डिब्रीफिंग के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहा कि केमिकल आपदा से होने वाली दुर्घटनाओं से निपटने के लिए मॉकड्रिल आयोजित की गई। जिसका मुख्य उद्देश्य किसी भी केमिकल आपदा के दौरान घायल एवं चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी एजेंसियों का रिस्पांस चेक करना व सभी स्टेक होल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इसके साथ ही मॉक अभ्यास द्वारा खोज, राहत एवं बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर, उन्हें दूर करना भी है। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि समय-समय पर जनपद की सभी छोटी-बड़ी औद्योगिक ईकाईयो को मौक अभ्यास किया जाना अनिवार्य है, जिससे कि संभावित आपदा के दौरान वह अपनी पर्याप्त तैयारियां कर सकें। अपर जिलाधिकारी ने सभी रासायनिक आपदाओं से जुड़ी औद्योगिक इकाईयों को यह भी निर्देश दिये कि अपने क्षेत्रान्तर्गत जहां भी संभावित आपदा हो सकती है, वहां पर निवास करने वाली जनता को भी निश्चित समयान्तराल पर रासायनिक आपदा के सम्बन्ध में जागरूक किया जाये तथा रासायनिक आपदाओं से बचने के उपाय तथा सहायता भी प्रदान की जाये। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि मॉकड्रिल का आयोजन होने वाली संभावित कमियों में सुधार के लिए ही किया जाता है। एनडीआरएफ के कमांडेंट सुदेश कुमार ने कहा कि भूकम्प एवं बाढ़, आगजनी जैसी घटनाओं एवं मॉकड्रिल में एनडीआरएफ की टीम शामिल होती रही है परन्तु एनडीआरएफ द्वारा रासायनिक आपदा विषयक बड़े मॉक अभ्यास में शामिल होना, जनपद की संभावित बड़ी रासायनिक आपदाओं से जुड़ी चुनौतियों को करीब से समझने व उनसे निपटने में सहायक होगी तथा औद्योगिक ईकाईयों से यह भी अनुरोध किया कि उनके क्षेत्र में होने वाली ऑनसाइड ऑफ साइड मॉक अभ्यास में एनडीआरएफ को भी शामिल किया जाये। अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, उप जिलाधिकारी गौरव पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला अर्थ एवम संख्याधिकारी नफील जमील, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, एडीपीआरओ, तहसीलदार दिनेश कुटोला, महेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।